कार्यक्रम | विश्व महिला दिवस पर ग्रामीण क्षेत्रों में आयोजित हुए विभिन्न कार्यक्रम

# अब साहस और सफलता की मिसाल बन रहीं गांव की महिलाएं




**नवभारत,बेलखाड़ू ।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का मुख्य उद्देश्य महिलाओं की सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक उपलब्धियों का जश्न मनाना है। यह दिन लैंगिक समानता को बढ़ावा देने, महिलाओं के अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने, उनके खिलाफ हिंसा को रोकने और समाज में उनकी भागीदारी को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है। अब गांव में भी महिलाएं साहस और सफलता की मिसाल बन रही हैं। उकताशय के विचार परियोजना अधिकारी आराधना गर्ग, सुपरवाइजर रश्मि पांडे के मार्गदर्शन में विश्व महिला दिवस पर ग्राम बघोंडी आंगनबाड़ी केंद्र में कार्यक्रम आयोजन दौरान सांझा किए गए। इस अवसर पर ग्राम की महिलाओं को मजबूत रहने, आत्मनिर्भर बनने जैसे विषयों पर विस्तार से समझाया गया। कार्यक्रम दौरान प्रमुख रूप से आंगनबाड़ी कार्यकर्ता संध्या खरे, प्रियदर्शिनी शर्मा, सचिव रामजी पटेल, सहायक सुबोध शर्मा सहित महिलाएं उपस्थित रहीं। इस मौके पर ग्राम की महिलाओं को साइकिल चलाना भी सिखाया गया।

## पनागर में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर बैठक आयोजित




**पनागर, नवभारत ।** म.प्र. जन अभियान परिषद विकासखंड पनागर के अंतर्गत राम वार्ड नगर विकास प्रस्फुटन समिति द्वारा बजरंग वार्ड स्थित शासकीय परिसर में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता राम वार्ड विकास प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष राजेश कुमार सोनी ने की।बैठक की शुरुआत अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर उपस्थित सभी मातृशक्ति को बधाई एवं शुभकामनाएं देकर की गई। इस अवसर पर समिति के सदस्यों को बताया गया कि राम वार्ड को आदर्श वार्ड बनाने के लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य किया जाएगा। साथ ही वार्ड को गौ ग्राम और नशा मुक्त वार्ड बनाने, उन्नत प्रस्फुटन वाटिका नर्सरी की स्थापना करने तथा नवांकुर सखियों को पौधों के संरक्षण के प्रति जागरूक करने की जानकारी भी दी गई। बैठक का संचालन समिति अध्यक्ष राजेश कुमार सोनी ने किया। बैठक में समिति सचिव प्राची केवट सहित चंदन केवट, शोभा कोरी, मानवती गुप्ता, वंदना दहिया, पुष्पा, धन्नो कोरी, रेखा साहू (आंगनवाड़ी कार्यकर्ता), सोनाली मेहरा (एनजीओ जन साहस), संगीता ठाकुर, सीमा बाई, प्रीति ठाकुर, प्रिया ठाकुर, सुशीला विश्वकर्मा, सुलोचना केवट, सारिका केवट, सृष्टि केवट, मेघना, कल्पना केवट, आशा कार्यकर्ता मंजुला दहिया, नीलम रजक, राजकुमारी बर्मन, निशा दहिया, ममता चौरसिया, ललिता काछी सहित अन्य महिलाएं उपस्थित रहीं।इसके अलावा अंशुल चौबे, अनिकेत कुशवाहा, राजा सराफ और विशाल विश्वकर्मा सहित नगर विकास प्रस्फुटन समिति के अन्य सदस्यों की उपस्थिति में बैठक संपन्न हुई।

# महिलाओं को सशक्तिकरण के प्रति किया जागरुक

▸ आंगनवाड़ी केंद्र और ब्रह्माकुमारीज में हुआ आयोजन




**पनागर, नवभारत।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर पनागर में विभिन्न स्थानों पर महिला सशक्तिकरण से जुड़े कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। बजरंग वार्ड स्थित आंगनवाड़ी केंद्र तथा ब्रह्माकुमारीज विश्व शांति भवन में आयोजित कार्यक्रमों में महिलाओं और बालिकाओं को उनके अधिकारों, स्वास्थ्य और सशक्तिकरण के प्रति जागरूक किया गया।

जानकारी के अनुसार बजरंग वार्ड आंगनवाड़ी केंद्र पनागर में 'अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस फिट इंडिया वूमेन वीक' के अंतर्गत 6 मार्च से 8 मार्च तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। यह आयोजन महिला एवं बाल विकास विभाग परियोजना पनागर की परियोजना अधिकारी आराधना गर्ग के निर्देशानुसार किया गया। कार्यक्रम में महिला गोष्ठी, बालिकाओं की साइकिल रेस, बालक साइकिल रेस तथा महिलाओं को उनके अधिकारों के संबंध में जानकारी दी गई।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सहायक परियोजना अधिकारी लक्ष्मी पंजाबी रहीं, जिन्होंने उपस्थित महिलाओं को महिला दिवस की शुभकामनाएं देते हुए महिला सशक्तिकरण के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम की शुरुआत आंगनवाड़ी कार्यकर्ता चंदन केवट द्वारा की गई। इस अवसर पर वार्ड की बालिकाओं और महिलाओं को एकत्रित कर शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई।

### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में चंदन केवट, शोभा कोरी, मानवती गुप्ता, वंदना दहिया, राम वार्ड पुष्पा, धन्नो कोरी, रेखा साहू, सोनाली मेहरा (जन साहस संस्था) सहित संगीता ठाकुर, सीमा बाई, प्रीति ठाकुर, प्रिया ठाकुर, सुशीला विश्वकर्मा, प्राची केवट, सुलोचना केवट, सारिका केवट, सृष्टि केवट, मेघना, कल्पना केवट सहित अनेक महिलाएं उपस्थित रहीं।कार्यक्रम के दौरान 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की किशोरी बालिकाओं को एचपीवी वैक्सीन भी लगाया गया, जो सर्वाइकल कैंसर से बचाव में सहायक होता है। इस कार्य में एएनएम मधु श्रीवास्तव तथा आशा कार्यकर्ता मंजुला दहिया, नीलम रजक, राजकुमारी बर्मन, निशा दहिया, ममता चौरसिया और ललिता काछी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## वंदे मातरम स्वर्णिम भारत कार्यक्रम आयोजित

वहीं दूसरी ओर ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विश्व विद्यालय के विश्व शांति भवन पनागर में भी राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 'वंदे भारत स्वर्णिम भारत' कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम प्रेरणादायी वातावरण में संपन्न हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में ब्रह्माकुमारी भावना बहनजी जबलपुर से पधारीं। कार्यक्रम में ब्रह्माकुमारी खुशबू बहन, कविता खत्री और कंचन खत्री सहित अनेक महिलाओं ने भाग लेकर महिला सशक्तिकरण और आध्यात्मिक मूल्यों पर अपने विचार व्यक्त किए।इस अवसर पर महिलाओं को समाज में उनकी भूमिका, आत्मनिर्भरता और सकारात्मक सोच के महत्व के बारे में भी प्रेरित किया गया।



## महिला दिवस पर 73 महिला अधिकारी-कर्मचारी सम्मानित

**नवभारत,जबलपुर।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में कलेक्टर सभागार में फिट इंडिया वूमेन्स वीक 2026 के तहत प्रेरणादायक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास समिति की सभापति मोनू पुष्पराज बघेल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं, जबकि अध्यक्षता जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक गहलोत ने की। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग में उत्कृष्ट कार्य करने वाली 73 महिला अधिकारी-कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने महिलाओं के सशक्तिकरण, शिक्षा, स्वास्थ्य और आर्थिक स्वतंत्रता के महत्व पर जोर दिया। मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक गहलोत ने कहा कि महिलाएं आज हर क्षेत्र में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करा रही हैं, वहीं मुख्य अतिथि मोनू पुष्पराज बघेल ने शिक्षा और आत्मनिर्भरता को महिलाओं की प्रगति का आधार बताया। कार्यक्रम में विभाग के अधिकारी- कर्मचारी उपस्थित रहे। यह आयोजन महिलाओं के स्वास्थ्य, फिटनेस और सशक्तिकरण को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल के रूप में सामने आया।



## रीवा-नेताजी एवं शहडोल नागपुर एक्सप्रेस के ठहराव का शुभारंभ

**नवभारत, जबलपुर ।** यात्रियों की सुविधा, क्षेत्रीय विकास तथा जनसुविधाओं के विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के अंतर्गत गाड़ी संख्या 11754/53 एवं 11756/55 रीवा-नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी जंक्शन-रीवा एक्सप्रेस तथा 11202/01 शहडोल-नागपुर-शहडोल एक्सप्रेस के सिहोरा रेलवे स्टेशन पर ठहराव का शुभारंभ समारोह गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर क्षेत्र में उत्साह और उल्लास का वातावरण देखने को मिला। कार्यक्रम में जबलपुर लोकसभा सांसद आशीष दुबे, पाटन विधायक अजय बिश्नोई सिहोरा विधायक संतोष वरकड़े एवं बहोरीबंद विधायक प्रणय प्रभात पांडे भाजपा जिलाध्यक्ष राजकुमार पटेल, नगर पालिका अध्यक्ष संध्या दिलीप दुबे, जनपद अध्यक्ष रश्मि मनेंद्र अग्निहोत्री, विद्या दिनेश चौरसिया, सिहोरा अप डाउनर्स संघ से चेतराम विश्वकर्मा, नीलू बाजपेई, मानस तिवारी की विशेष उपस्थिति रही। रेल प्रशासन की ओर से अपर मंडल रेल प्रबंधक आनंद कुमार, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक डॉ मधुर वर्मा, मंडल वाणिज्य प्रबंधक नितेश कुमार सोने सहित अनेक अधिकारी, कर्मचारी, जनप्रतिनिधि एवं स्थानीय गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान सांसद आशीष दुबे ने इस महत्वपूर्ण रेल सुविधा के लिए रेल प्रशासन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह ठहराव सिहोरा क्षेत्र के सामाजिक एवं आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा तथा शिक्षा, स्वास्थ्य, व्यापार और रोजगार के अवसरों को नई गति देगा।



## तिथि तीन दिन बढ़ी पर रबी फसल के रजिस्ट्रेशन असंभव

▸ सर्वर डाउन से किसान परेशान, 15 दिन तारीख बढ़ाने की मांग

**नवभारत, बेलखाड़ू ।** कृषि जगत में गर्मी के मौसम में प्रमुख रबी फसल की उपज विक्रय के लिए शासन की नियमावली के तहत फसल रजिस्ट्रेशन एक प्रमुख प्रकिया है। फसल काटने के बाद बेचने की शासकीय प्रक्रिया की तैयारी पूर्व से ही प्रारंभ हो जाती है।

गर्मी की प्रमुख फसल गेहूं के विक्रय हेतु एक ओर रजिस्ट्रेशन ऑनलाइन नेट प्रक्रिया की अंतिम तिथि की अगले तीन दिन के लिए बढ़ाया गया है। तो दूसरी ओर पूरी ऑनलाइन प्रक्रिया सर्वर डाउन होने से किसान रजिस्ट्रेशन के लिए भटक रहे हैं। किसानों का कहना है कि एक एक दिन सर्वर डाउन होने से खराब हो रहे जबकि यह रजिस्ट्रेशन सैकड़ों की संख्या में है जिनको जल्द ऑनलाइन दर्ज करना बेहद कठिन काम है। विभिन्न क्षेत्र के किसान पुनीत महेरे पौड़ी, अवनीश पटेल भर्रा,राघवेंद्र महेरे, गौरव पटेल, माधव राजपूत, धीरेन्द्र साहू, सुरेंद्र शर्मा, विष्णु पटेल बिलखरबा, लल्ला पटेल काकरखेड़ा, संतोष साहू बेलखाड़ू, सुरेंद्र साहू, बल्लू पटेल झगरा, सिया बाई पटेल , जितेंद्र पटेल गंज खमरिया, सहित अन्य ने सरकार से ठोस हल निकालते हुए 15 दिन तारीख आगे बढ़ाने की मांग की है।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर शक्ति वॉकथन का हुआ आयोजन



**नवभारत, जबलपुर।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 08 मार्च को प्रातः 07:30 बजे महाप्रबंधक कार्यालय से रेल उमंग सामुदायिक भवन, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय प्रांगण तक शक्तिवॉक वॉकथन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य महिला सशक्तिकरण के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा समाज और कार्यस्थल पर महिलाओं की सक्रिय भागीदारी को प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी एस.डी. पाटीदार ने हरी झंडी दिखाकर शक्तिवॉक को रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने भारतीय रेलवे में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका, उनकी बढ़ती भागीदारी तथा समाज निर्माण में उनके योगदान पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में उप मुख्य कार्मिक अधिकारी राहुल श्रीवास्तव, उप सचिव (गोपनीय) मुख्यालय शबाना अली खान सहित अन्य महिला वक्ताओं ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए महिला सशक्तिकरण और समान अवसरों के महत्व पर बल दिया। इस अवसर पर उप मुख्य कार्मिक अधिकारी संजय कुमार, सहायक कार्मिक अधिकारी डी.के. शुक्ला, अभय गुप्ता, सचिपति नंदन, महिला कर्मचारीगण, आरपीएफ कर्मी, स्काउट एवं गाइड के सदस्य, कल्याण निरीक्षक तथा बड़ी संख्या में कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# महिला सशक्तिकरण से ही बनेगा स्वर्णिम भारत : ब्रह्माकुमारी

▸ अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर 'वन्दे मातरम् स्वर्णिम भारत' कार्यक्रम आयोजित




**नवभारत,जबलपुर।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के शिव उपहार भवन, प्रेमनगर में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर महिला प्रभाग द्वारा 'वन्दे मातरम् स्वर्णिम भारत' सेवा योजना के अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं के सर्वांगीण सशक्तिकरण पर विभिन्न वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किए। मुख्य वक्ता ब्रह्माकुमारी विमला दीदी ने कहा कि महिला सशक्तिकरण का सशक्त उदाहरण ब्रह्माकुमारी संस्थान है, जहां महिलाएं आध्यात्मिक नेतृत्व करते हुए समाज में सकारात्मक परिवर्तन ला रही हैं। उन्होंने कहा कि नारी आत्मिक ज्ञान और आध्यात्मिक मूल्यों को अपनाकर परिवार और समाज में संस्कारों का निर्माण करती है तथा राजयोग ध्यान को जीवन में अपनाने की प्रेरणा दी। डॉ. दिव्या संचय (डायरेक्टर, अमृतसिटी मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल) ने महिलाओं को स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने, संतुलित आहार, नियमित 30 मिनट व्यायाम, पर्याप्त पानी, 8 घंटे की नींद और समय-समय पर स्वास्थ्य जांच कराने की सलाह दी। सीए चांदनी चोइथवानी, अध्यक्ष, आईसीएआई जबलपुर शाखा ने महिलाओं को वित्तीय रूप से जागरूक रहने, डिजिटल लेन-देन, यूपीआई, डिजिटल गोल्ड अपनाने तथा स्वास्थ्य बीमा कराने की आवश्यकता बताई। डॉ. रीना महोबिया (आर्ट ऑफ लिविंग) ने कहा कि आध्यात्म जीवन में आनंद और संतुलन लाने का सरल माध्यम है। तापसी नागराज ने कहा कि महिलाएं आज हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा से समाज की दिशा बदल रही हैं। कार्यक्रम का संचालन ब्रह्माकुमारी विनीता दीदी ने किया। इस अवसर पर ब्रह्माकुमारी आरती दीदी, संगीता दीदी, मधु दीदी, बाला दीदी, शिवकुमारी दीदी, दीपक और जय सिंह का विशेष योगदान रहा।


## आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पक्षकारा द्वारा मौजा कोहला तहसील शहपुरा जिला जबलपुर स्थित खसरा नं. 19/1/1 कृषि भूमि रकबा 1.60 हेक्टेयर को खरीदने का सौदा भूमि स्वामी श्री केसरी गौंड पिता श्री छोटे लाल गौंड से कर लिया है जिसके विक्रय पत्र का पंजीयन होना बाकी है। अतः उपरोक्त संपत्ति के सम्बन्ध में यदि किसी भी व्यक्ति, फर्म, बैंक या वित्तीय संस्था, शासकीय अथवा अर्धशासकीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो मय मूल दस्तावेजों सहित प्रकाशन दिनांक से 07 दिन के अन्दर मेरे कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित आपत्ति साक्ष्य सहित पेश करें,07 दिन के बाद की गयी किसी भी प्रकार कि कोई आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी और पंजीयन पत्र का निष्पादन करवा लिया जावेगा ।

जबलपुर दिनांक 07/03/2026

श्रीमति सोनू साहू (अधिवक्ता)
शारदा चौक, जबलपुर म.प्र.
मो.7000327088, 9826169355

## कार्यालय नगर पालिक निगम बुरहानपुर

निविदा सूचना क्र / राजस्व शाखा / 2025-26 /312 — बुरहानपुर दिनांक : 07/03/2026

निविदा सूचना 2026-27

नगर पालिक निगम बुरहानपुर द्वारा ऑनलाइन पोर्टल https://mptenders.gov.in पर टेण्डर आमंत्रित किये जाते है। टेण्डर का संक्षिप्त विवरण निम्नानुसार है

| क्र. | टेण्डर आई.डी. नं. | दुकान का विवरण | दुकान का आरक्षित मूल्य | अर्नेस्ट मनी (ई.एम.डी) | निविदा प्रपत्र का मूल्य | आरक्षित वर्ग |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026_UAD _487869_1 | इन्दिरा कॉलोनी स्थित (राजस्थानी भवन) के पीछे दुकान क्रमांक 01 | 5,60,000/- | 20,000/- | 2000/- | अनु. जाति |
| 2 | 2026_UAD _487870_1 | इन्दिरा कॉलोनी स्थित (राजस्थानी भवन) के पीछे दुकान क्रमांक 02 | 5,60,000/- | 20,000/- | 2000/- | अनारक्षित |
| 3 | 2026_UAD _487871_1 | इन्दिरा कॉलोनी स्थित (राजस्थानी भवन) के पीछे दुकान क्रमांक 03 | 5,60,000/- | 20,000/- | 2000/- | अनारक्षित |
| 4 | 2026_UAD _487872_1 | इन्दिरा कॉलोनी स्थित (राजस्थानी भवन) के पीछे दुकान क्रमांक 04 | 5,60,000/- | 20,000/- | 2000/- | अनारक्षित |
| 5 | 2026_UAD _487873_1 | इन्दिरा कॉलोनी स्थित (राजस्थानी भवन) के पीछे दुकान क्रमांक 05 | 5,60,000/- | 20,000/- | 2000/- | अन्य पि वर्ग |
| 6 | 2026_UAD _487874_1 | इन्दिरा कॉलोनी स्थित (राजस्थानी भवन) के पीछे दुकान क्रमांक 06 | 5,60,000/- | 20,000/- | 2000/- | अनारक्षित |
| 7 | 2026_UAD _487875_1 | इन्दिरा कॉलोनी स्थित (राजस्थानी भवन) के पीछे दुकान क्रमांक 07 | 5,60,000/- | 20,000/- | 2000/- | अनारक्षित |
| 8 | 2026_UAD _487880_1 | कुन्दन स्वीट्स के बाजू में दुकान क्रं.04 | 60,00,000/- | 50,000/- | 5000/- | अनारक्षित |

ऑनलाइन क्रय एवं प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि As per key Date, दुकान का विस्तृत विवरण वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है। उपरोक्त निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन किया जाता है, तो वेबसाइट पर ही दिखाई देगा।

आयुक्त
नगर पालिक निगम बुरहानपुर